TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

06 मई 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अच्छे कार्य स्वयं को ताकत देते हैं और दूसरों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

प्लेटो



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

6 मई

मधु प्रिया

## मोतीलाल नेहरू का जन्म 6 मई



मोतीलाल नेहरू प्रयागराज के एक प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं ब्रिटिशकालीन राजनेता थे। वे भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे। वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के आरम्भिक कार्यकर्ताओं में से थे। जलियांवाला बाग काण्ड के बाद 1919 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के वे पहली बार अध्यक्ष बने और फिर 1928 में कलकत्ता में दोबारा कांग्रेस के अध्यक्ष बने। मोतीलाल नेहरू का जन्म 6 मई 1861को आगरा में हुआ था। उनके पिता का नाम गंगाधर था। वह पश्चिमी ढँग की शिक्षा पाने वाले प्रथम पीढ़ी के गिने-चुने भारतीयों में से थे। वह इलाहाबाद के म्योर केंद्रीय महाविद्यालय में शिक्षित हुए किन्तु बी०ए० की अन्तिम परीक्षा नहीं दे पाये। बाद में उन्होंने कैम्ब्रिज से "बार ऐट लॉ" की उपाधि ली और अंग्रेजी न्यायालयों में अधिवक्ता के रूप में कार्य प्रारम्भ किया।मोतीलाल नेहरू की पत्नी का नाम स्वरूप रानी था। जवाहरलाल नेहरू उनके एकमात्र पुत्र थे। उनके दो कन्याएँ भी थीं। उनकी बडी बेटी का नाम विजयलक्ष्मी था, जो आगे चलकर विजयलक्ष्मी पण्डित के नाम से प्रसिद्ध हुई। उनकी छोटी बेटी का नाम कृष्णा था। जो बाद में कृष्णा हठीसिंह कहलायीं।लेकिन आगे चलकर उन्होंने अपनी वकालत छोड दी थी 1923 में उन्होने देशबंधु चित्तरंजन दास के साथ काँग्रेस पार्टी से अलग होकर अपनी स्वराज पार्टी की स्थापना की। 1928 में कोलकाता में हुए काँग्रेस अधिवेशन के वे अध्यक्ष चुने गये। 1928 में काँग्रेस द्वारा स्थापित भारतीय संविधान आयोग के भी वे अध्यक्ष बने। इसी आयोग ने नेहरू रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। मोतीलाल नेहरू ने इलाहाबाद में एक अलीशान घर बनवाया और उसका नाम आनंद भवन रखा। इसके बाद उन्होंने अपना पुराना वाला घर स्वराज भवन काँग्रेस दल को दे दिया। मोतीलाल नेहरू का 1931 में इलाहाबाद में निधन हुआ।

# जयंती विशेष 06 मई



## मोतीलाल नेहरू

**मोतीलाल नेहरू** (जन्म: 6 मई 1861 – मृत्यु: 6 फ़रवरी 1931) प्रयागराज के एक प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं ब्रिटिशकालीन राजनेता थे। वे भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे। वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के आरम्भिक कार्यकर्ताओं में से थे। जलियांवाला बाग काण्ड के बाद 1919 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के वे पहली बार अध्यक्ष बने और फिर 1928 में कलकत्ता में दोबारा कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## अधिकतर विद्युत चुम्बकों की आकृति 'U' की तरह होती है क्यों?

अधिकतर विद्युत चुम्बकों की आकृति 'U' आकार की इसलिए होती है क्यों कि उसके दोनों ध्रुव एक साथ आकर्षण बल लगाएं।इस प्रकार इनका बोझ उठाने की क्षमता बढ़ जाती है तथा उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव पास-पास रहने के कारण उनका चुम्बकीय गुण स्थायी रहता है।



Madhu priya

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### माइटनेरियम(Meitnerium)

संकेत (symbol) - Mt

परमाणु संख्या (Atomic no.) -109

परमाणु भार (A.weight) -278

समूह(group)-9


आवर्त (period)-7

ब्लाक (block)-d

संयोजकता- 6

समस्थानिक -8

विन्यास -[Rn]$5f^{14}$ $6d^7$ $7s^2$




### खोज

1982, पीटर आर्मब्रस्टर और गॉटफ्रीड मुंजेंबर्ग

### भौतिक गुण

रेडियोधर्मी, सिंथेटिक तत्व

### रासायनिक गुण

अत्यधिक रेडियोधर्मी

### उपयोग

वैज्ञानिक अनुसंधान

Anu priya



# IPL के सबसे तेज अर्धशतक

| बॉल | बैटर्स | विरुद्ध | सीजन |
|---|---|---|---|
| 13 | यशस्वी जायसवाल | KKR | 2023 |
| 14 | रोमारियो शेफर्ड | CSK | 2025* |
| 14 | केएल राहुल | DC | 2018 |
| 14 | पैट कमिंस | MI | 2022 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.05.2025

## चिंतन एवं समस्या समाधान कौशल

चिंतन एवं समस्या समाधान कौशल का मतलब है किसी समस्या की पहचान करना, उसका विश्लेषण करना, संभावित समाधानों पर विचार करना और सर्वोत्तम समाधान को लागू करना। यह एक प्रक्रिया है जो हमें चुनौतियों से पार पाने और जटिल समस्याओं को हल करने में मदद करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**भारत की रस मलाई को दुनिया की दूसरी सबसे बेहतरीन मिठाई का दर्जा मिला है।**

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 528

भारत का कौन सा शहर चूड़ी के लिए मशहूर हैं?

A. फैजाबाद

B. फिरोजाबाद

C. मधुबनी


D. सूरत



सही उत्तर: B

www.teachersofbihar.org


ToB बूझो तो जानें..
525
हरी थी मन भरी थी, लाख मोती जड़ी थी, राजाजी के बाग में दुशाला ओढ़े खड़ी थी ..बुझो तो जानें ?
मकई
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के पिता, भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के आरम्भिक कार्यकर्ताओं में से एक
मोतीलाल नेहरू
जी की जयंती पर सादर नमन।
जन्म: 6 मई 1861 - मृत्यु: 6 फरवरी 1931
मधु प्रिया
www.teachersofbihar.org